न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः—डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्याः— 50 / 2026

श्री बलवान सिंह सैनी, पता वार्ड नं0 5, नियर ओल्ड एसडीएम कोर्ट, खेतडी, तहसील खेतडी, जिला झुंझुनूं, पिन कोड 333503, मो0 नं0 9314449130

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी।

——

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

——

आदेश

दिनांक 05.03.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 12.02.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 50 / 2026 पर दिनांक 12.02.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2025 / 376—377 दिनांक 12.02.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी ने पत्रांक न्याय / सू0अ0अ0(47) / 2026 / 121 दिनांक 25.02.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलकर्ता श्री बलवान सैनी पुत्र श्री मेघराज सैनी, निवासी वार्ड नं0 5, नियर ओल्ड एसडीएम कोर्ट, खेतडी, तहसील खेतडी, जिला झुंझुनूं का सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहने बाबत ऑनलाईन आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 29.01.2026 को प्राप्त हुआ। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र मे चाही गई सूचना कार्यालय नगर पालिका, खेतडी से संबंधित होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक पीए / सू0अ0अ0(40) / 2026 / 81 दिनांक 03.02.2026 द्वारा आवेदक का प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, खेतडी को अन्तरित कर दिया गया था। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) खेतडी ने पत्रांक न्याय / सू0अ0अ0(47) / 2026 / 121 दिनांक 25.02.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलकर्ता श्री बलवान सैनी पुत्र श्री मेघराज सैनी, निवासी वार्ड नं0 5, नियर ओल्ड एसडीएम कोर्ट, खेतडी, तहसील खेतडी, जिला झुंझुनूं का सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहने बाबत ऑनलाईन आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 29.01.2026 को प्राप्त हुआ। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र मे चाही गई सूचना कार्यालय नगर पालिका, खेतडी से संबंधित होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक पीए / सू0अ0अ0(40) / 2026 / 81 दिनांक 03.02.2026 द्वारा आवेदक का प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, खेतडी को अन्तरित कर दिया गया था। चूंकि अपीलार्थी का आवेदन पत्र नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को अन्तरित कर दिया गया है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नही होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 05.03.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं